# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (9 September 2024)
## Subject - Hindi
## Class - VIII
## (SET - B)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

### भाग-क (पठन)

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

संस्कृत में एक कहावत है कि दुर्जन दूसरों के राई के समान मामूली दोषों को पहाड़ के समान बड़ा बनाकर देखता है और अपने पहाड़ के समान बड़े पापो को देखते हुए भी नही देखता। सज्जन या महात्मा ठीक इससे विपरीत होते है। उनका ध्यान दूसरो की बजाय केवल अपने दोषो पर जाता है। अधिकांश व्यक्तियों मे कोई-न-कोई बुराई अवश्य होती है। कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति देवता की कोटि मे आ जाता है। मनुष्य को अपनी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, न कि दूसरो की कमियो को लेकर छीटाकशी करने या टीका-टिप्पणी करने का। अपने मन की परख मन को पवित्र करने का सबसे उत्तम साधन है। आत्मनिरीक्षण आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। महात्मा कबीर ने कहा है कि जब मैने मन की पड़ताल की तो मुझे अपने जैसा बुरा कोई न मिला। महात्मा गांधी ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था कि मैंने जीवन मे हिमालय जैसी बड़ी भूल की है। अपनी भूलो को ध्यान देना या उन्हे स्वीकार करना आत्मबल का चिह्न है। जो लोग दूसरो के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करते है, वे सबसे बड़े कायर है, जिसका अंत:करण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है। मन तो दर्पण है। मन में पाप है तो जग मे पाप दिखाई देता है। पवित्र आचरण वाले मन को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है। इसलिए वे अपने को बुरा कहते हैं। यही उनकी नम्रता व साधना है।

क) संस्कृत की कहावत क्या है?
ख) महात्माओं का स्वभाव कैसा होता है?
ग) मनुष्य को क्या प्रयत्न करना चाहिए?
घ) मन को पवित्र करने का सर्वोत्तम साधन क्या है?
ङ) सबसे बड़ा कायर कौन है?

### भाग-ख (पाठ्य पुस्तक)

**प्र2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताएँ (कोई 6)-** (3)

शीतल, अतीत, उजालदान, अर्थहीन, विचित्र, उपस्थित, मति, कदाचित

**प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें- (कोई 5)** (5)

क) 'इतने ऊँचे उठो' कविता में कवि ने नए हाथों से किसका रूप सँवारने के लिए कहा है?
ख) 'मुक्ति' पाठ में जयदीप कौन था?
ग) चमत्कार को नमस्कार पाठ में सत्य कौन जानता था?
घ) 'चलना हमारा काम है' कविता के कवि कौन है?
ङ) सड़क किन्हें अच्छी तरह पहचानती है?
च) सड़क अपने आप को किसी का क्या नही मानती?
छ) 'मुक्ति' कहानी में औरतें किस की जिद्द के आगे हार जाती है?

B-1

Scanned with CamScanner

**प्र4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें- (कोई तीन)** (6)

क) 'इतने ऊँचे उठो' कविता के कवि का नाम बताएँ तथा कविता से मिले संदेश के बारे में बताएँ।

ख) 'अब तो तू खुश है न!' यह वाक्य किसने, किससे और क्यों कहा?

ग) प्रोफेसर राव के आविष्कार के बारे में विस्तार से बताएँ।

घ) सड़क किन के कदमों से क्या-क्या जान जाती है?

**प्र5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में दीजिए-** (4)

श्रीमती राव रसोई में भोजन पका रही थी। अचानक कहीं से जबरदस्त दुर्गंध का झोंका आया। वह बड़बड़ाते हुए रसोई से बाहर निकली। वह समझ नहीं पा रही थी कि दुर्गंध आ कहाँ से रही है। उन्होंने सोचा कि नाली तो मैंने कल ही साफ कराई थी, वहाँ से बदबू नहीं आ सकती। कूड़ा भी नहीं है। हो न हो, प्रोफेसर साहब ही कुछ गड़बड़ कर रहे है।

वास्तव में यह कारस्तानी प्रोफेसर साहब की ही थी। जैसे ही वह उनकी प्रयोगशाला की ओर बढ़ीं, प्रोफेसर तेजी-से बाहर निकले। उनके एक हाथ में बोतल थी और दूसरे में एक सिरिंज। उनके कपड़ों पर रंग-बिरंगे धब्बे लगे हुए थे।

क) श्रीमती राव क्या समझ नहीं पा रही थी?

ख) दुर्गंध कहाँ से आ रही थी?

ग) प्रोफेसर के हाथों में क्या था?

घ) यह गद्यांश किस पाठ का है?

## भाग-ग (व्याकरण)

**प्र6. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें:** (2)

क) ............... लिपि दाएँ से बाएँ लिखी जाती है।

ख) संस्कृत और हिंदी ............. लिपि में लिखी जाती है।

**प्र7क)** 'सुरक्षा' शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए। (2)

ख) अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करके कोई दो शब्द लिखिए।

**प्र8. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:** (2)

अंधकार, आनंद, देवता

**प्र9. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के विलोम शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**(2)

क) हमें आलस्य का त्याग कर ................ से कार्य करना चाहिए।

ख) रीमा ने झूठ बोलकर पाप तो किया मगर हम सब की जान बचा कर ......... भी किया।

**प्र10. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों का जो सही अर्थ नहीं है उसे छाँट कर लिखें:**(2)

क) कर - हाथ, बगीचा, किरण, टैक्स

ख) गुण - वंश, स्वभाव, विशेषता, शील

**प्र11. कोष्ठक में दिए गए श्रुतिसम शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानो की पूर्ति करें**(2)

क) मैंने माता जी के ............. स्पर्श किए। (चारण, चरण)

ख) रंजना का भाई बहुत ही .......... है। (चालक, चालाक)



Scanned with CamScanner

प्र12. निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्हीं दो का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाएँ: (2)

आई, आवा, दार

प्र13. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद बताएँ: (2)

क) बूढ़े व्यक्ति को दवा पिला दो।

ख) मैने रोका और वह तुरंत रूक गई।

प्र14. निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं दो का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाएँ: (2)

उप, अनु, सह

प्र15. निम्नलिखित वाक्यों को उचित अव्यय शब्दों से पूरा कीजिए: (2)

(संबंधबोधक, विस्मयादिबोधक, समुच्चयबोधक, निपात) (कोई 2)

क) ............... मेरे सिर में तो बहुत दर्द है।

ख) मीना स्कूल नही आई ........... वह बहुत बीमाार है।

ग) मेरे घर .............. आम का पेड़ है।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (2)

क) नीम का पेड़ की छाया ठंडी होती है।

ख) सरिता का पुत्र और पुत्री रूड़की गई है।

प्र17. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद बताएँ: (कोई दो) (2)

क) <u>मथुरा का राजा कंस</u> बहुत क्रूर था।

ख) विनोद <u>एक आलसी और कामचोर</u> लड़का है।

ग) <u>कुर्सी पर बैठा-बैठा वह</u> सो गया।

प्र18. कोष्ठक में दिए गए मुहावरों में से सही मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य पूरा करो:(2)

क) (1) मुकेश की पत्नी उसे अपनी ............. है। (कमर कसना, उँगली पर नचाना)

(2) अपना ................. रमा ने बेटी की शादी की। (खून पसीना एक करना, आस्तीन का साँप)

ख) 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।

प्र19. निम्नलिखित वाक्यों मे उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखें: (3)

क) नहीं तुम ऐसा मत करना

ख) हे भगवान हमारी रक्षा करना

ग) कछुआ धीरे-धीरे चलता है।

प्र20क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करके शब्द को पुन लिखिए (कोई 4) (2)

1) इरि+इच्छा 2) सुर+ईश 3) यमुना+उत्सव 4) वन+ओक 5) दिव्य+आत्मा

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का संधि विच्छेद करें: (1)

महाशाय, भाग्योदय

B-3

प्र21क) निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद बनाएँः (1)

देश के लिए भक्ति, पाप और पुण्य

ख) निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह करके समास का भेद लिखें: (2)

राजकुमार, यथासमय

प्र22. यमक अलंकार को स्पष्ट करती एक उदाहरण लिखें। (1)

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखें: (5)

- **सत्संगति**

  संकेत बिंदु: संगति का महत्त्व, संगति से निर्मल चरित्र का निर्माण, उदाहरण, सफलता की ओर

- **भ्रष्टाचार एक समस्या**

  संकेत बिंदु: भ्रष्टाचार का प्रभाव, भ्रष्टाचार का रूप, सरकार का दायित्व

- **नए स्कूल में पहला दिन**

  संकेत बिंदु: पहले दिन का अनुभव, नये मित्र बने, नये अध्यापकों के साथ अनुभव

प्र24. विद्यालय में खेल का सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप का वर्णन करते हुए उचित कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र25. 'जंक फूड' पर जागरुकता उत्पन्न करने हेतु माँ तथा पुत्र में संवाद लिखें। (4)

**अथवा**

समय का सदुपयोग समझाने हेतु दादा तथा पोते के मध्य संवाद लिखें।

प्र26. लू तथा गर्मी के कारण आपके विद्यालय का ग्रीष्मावकाश दस दिन पहले प्रारंभ होगा। प्रधानाचार्य की तरफ से इसकी सूचना जारी कीजिए। (4)

**अथवा**

'नाराजगी' शीर्षक पर लघुकथा लिखिए।

प्रस्थान बिंदु : परीक्षा के दौरान मेरी सखी बार-बार सहायता माँग रही थी, लेकिन मैंने मदद नहीं की तो वह ......................

प्र27. बॉल पैन की कंपनी 'चित्रा' नाम से बाजार में आई है। उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

B-4

Scanned with CamScanner